an>

Title: Need to curb illegal Bajri mining in Rajasthan -laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): राजस्थान में अवैध बजरी दोहन से स्थिति खराब हो रही है सरकार एवं प्रशासन बजरी माफिया के सामने लाचार दिखाई पड़ रहे है । राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन अवैध बजरी दोहन को रोकने में पूर्णतया विफल रहे है । सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार राज्य सरकारे नीति बनाने में सफल नही हो पा रही है मेरे संसदीय क्षेत्र भीलवाड़ा में बनास एवं सहायक नदियां बजरी के अवैध दोहन को लेकर प्रभावित है जिससे उक्त नदी क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है एवं जलस्तर गिर रहा है आये दिन बजरी माफिया और प्रशासन के बीच आमने सामने झगड़े की स्थितियां पैदा हो रही है तथा दुर्घटनाएं भी बढ रही है, अतः विषय की गंभीरता समझते हुये केन्द्र सरकार आवश्यक हस्तक्षेप करे एवं इस पर एक राष्ट्रीय नीति बने, जिससे अवैध बजरी दोहन को रोका जा सके तथा आमजन को आवश्यक बजरी सरलता से उपलब्ध हो सके ।